प्रेस विज्ञप्ति

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## वेलकम फ्रेशेर्स 2023 (तितिक्षा)

पन्तनगर। 19 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में सत्र 2023–24 के सभी प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के स्वागत हेतु फ्रेशेर्स 2023 (तितिक्षा) का आयोजन वेटेरिनरी सोसाइटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। वेटेरिनरी सोसाइटी की स्टाफ कॉउसलर डा. मीना मृगेश ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में स्नातक के 98 व डिप्लोमा के 18 नवागंतुक छात्र–छात्राओं ने अपना परिचय दिया। इसके उपरान्त पांरपरिक शैली के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें पहाड़ी, गुजराती, बिहु, पंजाबी, बॉलीवुड, दक्षिण भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली एवं समस्त नवागंतुक विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आर्शीवचन दिए। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिह ने फ्रेशेर्स 2023 की बधाई देते हुए विद्यार्थियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही अधिष्ठाता ने बताया कि इस सत्र में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, केरल, जम्मू–कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान आदि विभिन्न प्रदेशों से विद्यार्थियों ने स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है।

समारोह में कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर ने सोसाइटी सदस्यों सहित महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सोसाइटी की अध्यक्ष सादगी राणा ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए समारोह का समापन किया। कुलसचिव ने छात्र–छात्राओं से आहवान किया कि वह सतत प्रयास से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने हेतु पूरी लगन व निष्ठा के साथ अपना अध्ययन कार्य करें तथा विश्वविद्यालय में मौजूद विभिन्न अन्य पाठ्योत्तर गतिविधियों में भी पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग करें जिससे उनके सम्पूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त हो।

आयोजित समारोह में सह स्टॉफ काउन्सलर, डा. अमित प्रसाद, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बी.एन. शाही, डा. निधि अरोड़ा, डा. प्रनीता सिंह, श्री के.पी. सिंह, डा. एस.सी. त्रिपाठी, डा. अनिल कुमार, डा. ए.के. घोष, डा. ए.के. उपाध्याय, डा. राजीव रंजन, डा. सुधीर कुमार एवं वेटेरिनरी संकाय के अन्य सभी सदस्य गण मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राऐं।

**निदेशक संचार**